**क्राइम** वर्दीधारियों की सरेराह पिटाई, जनता कैसे होगी सुरक्षित

# खाकी पर भारी गुंडागर्दी, रक्षक ही सुरक्षित नहीं

**नवभारत, जबलपुर।** जिनके हाथों में समाज को सुरक्षित रखने का जिम्मा है वे खुद ही सुरक्षित नहीं है। बेखौफ बदमाश सरेराह वर्दी को चुनौती देने के साथ वर्दीधारियों की पिटाई कर रहे है जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है पुलिस खुद की अपनी सुरक्षा नहीं कर पा रही है तो शहर में हावी गुंडाराज में नागरिकों की सुरक्षा का क्या आलम होगा। वैसे ही शहर में अपराधों का ग्राफ हर दिन बढ़ रहा है, हत्याएं, लूट, चोरियां, चाकूबाजी, आम हो चुकी है, गुंडे-बदमाश दहशतगर्दी फैला रहे है ऐसे में बदमाशों में खाकी का डर, खौफ अब खत्म होना चिंताजनक है। अगर बीते चार दिन के भीतर घटनाओं पर नजर दौड़ाई जाएं तो तीन ऐसे मामले में सामने आए है जिसमें पुलिस कर्मियों पर हमले हुए है। जबकि पिछले माह तो रेत माफिया ने आईपीएस और तहसीलदार को धमकाया था बल्कि अफसरों पर हाईवा चढ़ाने गुर्गों उकसाया था।

### अपराधी हाईटेक पुराने ढर्रे में काम

वर्दीधारी केवल बदमाशों से ही असुरक्षित नहीं बल्कि सिस्टम से भी कमजोर है। बदलते दौर में जहां अपराधी हाईटेक हो चुके है तो खाकी पुराने ढर्रे पर चल रही है। इसके अलावा अपराधियों से पुलिस की यारी भी किसी से छिपी नहीं है। जिसके चलते पुराने समय में जो अपराधी पुलिस का नाम सुनकर थरथर कांपते थे उनके दिलों दिमाग से खाकी का वो डर और खौफ खत्म होता नजर आ रहा है।

### वर्दी के सम्मान पर चोट की हिमाकत कहां से मिली

देशभक्ति और जनसेवा का दमभर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास दिलाने वाली खाकी वर्दी का अपना एक मान-सम्मान होता है लेकिन खाकी वर्दी के सम्मान में



चोट की हिमाकत की ताकत अपराधियों को कहां से मिल रही है यह चिंतन का विषय है। एक समय हुआ करता था जब बदमाशों के सामने अपराधियों का पसीना छूट जाता था। अगर वर्दी किसी गली, चौक व चौराहे से गुजर जाती थी तो बदमाश भागकर अपना रास्ता बदल देते थे। लेकिन अब बदमाश पुसिस का रास्ता रोक रहे है और मारपीट करने के साथ धमका रहे है। पुलिस को अपनी साख मजबूत करने के लिए जनता से सीध संवाद, गलियों कूचों में गश्त बढ़ाने के साथ गुंडों बदमाशों पर शिकंजा कसने और अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी के साथ निभाने की जरूरत हैं।

**केस 1** -11 फरवरी को शहपुरा में अभिराज, पुष्पराज परिहार ने बेलखेड़ा थाने में पदस्थ आरक्षक बसंत ठाकुर को रोककर सरेराह मारपीट की थी बल्कि जान से मारने की धमकी दी।

**केस 2-** 12 फरवरी को सिविक सेंटर में पुलिस जवान की सरेराह पिटाई की गई। वर्दीधारी की कॉलर पकड़कर हाथ घूसों से पीटा गया। वीडियो बनाकर भीड़ ने वायरल भी की थी।

**केस 3-** 14 फरवरी को बरगी में वनरक्षक राहुल गुलाटी निवासी आधारताल पर राजू मसराम को धमकाया बल्कि शासकीय कार्य में बाधा डाली। बदमाश ने कॉलर तक पकड़ ली थी।

**केस 4-** एम सैंड एवं गिट्टी से लदे हाइवा पकड़ने से बौलखाएं कारोबारी रोहित जैन ने 9 जनवरी को बरगी में तहसीलदार, आईपीएस अफसर समेत उनकी टीम को धमकाया, गुर्गों को अमले पर हाईवा चढ़ाने के लिए उकसाया था।

## बुजुर्ग कर्मचारी व दिवंगत कर्मियों की विधवाएं स्वयं हुईं हाजिर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस के कारण कोई भी वकील पैरवी करने नहीं पहुंचा। जिस कारण जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ के समक्ष बुजुर्ग कर्मचारी व दिवंगत कर्मियों की विधवाएं स्वयं पेश हो गईं। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और उनके हक के भुगतान में विलंब की जानकारी दी। न्यायालय ने इस जानकारी को अभिलेख पर लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए नगर निगम जबलपुर के आयुक्त को परिपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही न्यायालय ने 23 फरवरी को व्यक्तिगत उपस्थिति की व्यवस्था दी है। एकलपीठ ने स्पष्ट किया है कि यदि 14 अगस्त 2024 के मूल आदेश का पालन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो अवमानना प्रकरण में अधिकारी की सीधी जवाबदेही तय की जाएगी। यह पूरा मामला नगर निगम के उन पूर्व कर्मचारियों से जुड़ा है जो पिछले चार से छह वर्षों से अपनी पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

# मृतिका की पहचान नहीं, कातिल का सुराग नहीं

**सिमरिया में हुई युवती की हत्या की गुत्थी उलझी**



**नवभारत, जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी स्थित सिमरिया में रविवार को एक स्कूल के पीछे युवती की हत्या किए जाने मामला उलझ गया है। अब तक न तो मृतिका की पहचान हो पाई है और न ही कातिल का पता चल सका है। पुलिस ने थानों में दर्ज गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाला लेकिन अब तक पुलिस मृतका की शिनाख्त नहीं कर पाई है।

विदित हो कि एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पीछे ग्राम सिमरिया में रविवार को एक युवती का शव पड़ा मिला था। मामले की सूचना ग्राम कोटवार खेमलाल चड़ार 60 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया ने पुलिस को दी थी। मृतिका के सिर, गर्दन में चोट के निशान थे। संभवत: पत्थर से हमला कर उसकी हत्या की गई है। इसके साथ ही दुष्कर्म की भी आशंका जाहिर की गई है। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए थे। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था।

### हाथ में ईशू-तनू लिखा

मृतिका के हाथों में महंदी लगी है। जिसमें ईशू-तनू लिखा हुआ है इस नाम से कोई लड़की की गुमशुदगी थाने में दर्ज तोनहीं है इसको लेकर पुलिस ने थानों में दर्ज गुमशुदगी-अपहरण के रिकॉर्ड भी खंगाले लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई।

### थानों को शेयर की फोटो, डिटेल

मृतिका की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के थानों को भी मृतिका की फोटो और जानकारी शेयर की है। पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी ने बताया कि मृतिका की पहचान के प्रयास जारी है। शिनाख्त होने के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा।

### करीबी हो सकता है आरोपी

पुलिस सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने हर एंगल पर तफ्तीश कर रही है। संदेहियों से भी पूछता छ की जा रही है। इसके अलावा आसपास के गांव में भी पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की लेकिन अब तक ऐसा कोई सुराग नहीं लग सका है जिसके सहारे पुलिस आरोपी तक पहुंच सके। आरोपी मृतिका का करीबी हो सकता है।

# कथा छोड़कर जाने का निर्णय गलत : जगद्गुरू राघवदेवाचार्य

**कहा, यदि सत्य थे तो सार्वजनिक रूप से रखें अपनी बात**

**कथावाचक उत्तम स्वामी महाराज का मामला**

**नवभारत, जबलपुर।** राजस्थान की युवती द्वारा पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर और चर्चित कथावाचक उत्तम स्वामी महाराज उर्फ ईश्वरानंद महाराज पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों के बाद महाराज अभी जबलपुर की कथा से गायब हैं। अभी तक न तो उन्होंने मीडिया में अपनी बात रखी है और न ही वे सामने आए हैं जिसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सोमवार को जबलपुर में जगदगुरू राघवदेवाचार्य महाराज ने इसी मामले में बयान देते हुए कहा है कि उत्तम स्वामी महाराज ने जो जबलपुर





में जारी कथा छोड़ने का निर्णय लिया है वह गलत है, यदि वह सत्य थे तो कथा करनी चाहिए थी और नियम से मीडिया के सामने जवाब देना चाहिए था। पत्रकारों से चर्चा के दौरान जगदगुरू राघवदेवाचार्य ने ये भी कहा कि वे किसी से न डरें और अपनी बात सभी के सामने रखें क्योंकि न्याय सत्य और गलत दोनों में साथ खड़ा होता है।

विदित हो कि कुछ दिनों पहले राजस्थान की एक युवती ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई-मेल भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। विगत 12 फरवरी को भेजी गई इस शिकायत में युवती ने आरोप लगाया कि उसके साथ गलत काम हुआ और शिकायत करने के बाद से उसे धमकियां मिल रही हैं। युवती का कहना है कि स्वामी जी के कुछ समर्थक उस पर दबाव बना रहे हैं कि वह शिकायत वापस ले ले। जानकारी के अनुसार जबलपुर में कथावाचक उत्तम स्वामी महाराज की कथा भी होनी थी जिसे बीच में ही छोड़कर वे शहर से कहीं दूर चले गए हैं।

# न्यायालयीन कार्य से विरत् रहकर वकीलों ने मनाया प्रतिवाद दिवस

**एडवोकेट प्रोटेक्शन सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को पूरे प्रदेश के वकीलों ने प्रतिवाद दिवस मनाकर प्रदेश सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की माँग की है। वकीलों ने कहा है कि यदि सरकार 7 दिनों के भीतर एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट नहीं लाती तो भोपाल जाकर मुख्यमंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर सोमवार को मनाये गए प्रतिवाद दिवस के दौरान अदालत परिसरों में सन्नाटा दिखाई दिया। अदालतों



में सिर्फ उन मामलों पर सुनवाई हुई जिसमे पक्षकार हाजिर हुए। हालाँकि अधिकाँश मामलों की सुनवाई बढ़ा दी गई। इधर जबलपुर में वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन भी सौंपा। ।

### कई साल से छले जा रहे वकील

मप्र स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ताए वाईस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, मप्र हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष डीके जैन, जिला बार के अध्यक्ष मनीष मिश्रा और हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष संजय अग्रवाल का कहना है कि प्रोटेक्शन एक्ट के नाम पर वकीलों को पिछले कई सालों से छला जा रहा है। भोपाल में अधिवक्ताओं की महापंचायत का आयोजन कर एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की बात कही गई और फिर कैबिनेट ने उसकी मंजूरी तो दी, लेकिन अधिसूचना अब तक जारी नहीं की गई।

### न्यायिक जगत पर हमला संवैधानिक स्तंभ पर आघात : जूलॉ

शिवपुरी नगर में एक अधिवक्ता की नृशंस हत्या की घटना ने सम्पूर्ण प्रदेश के विधिक जगत और बुद्धिजीवी समाज को झकझोर कर रख दिया है। इसी घटना के परिप्रेक्ष्य में जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन (जूला) के अधिवक्ताओं ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया है।

### वकीलों ने मुख्यमंत्री से की ये मांगें

भारी संख्या में वकील सोमवार की दोपहर को रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। हाईकोर्ट वार के अध्यक्ष डीके जैनए जिला बार के अध्यक्ष मनीष मिश्रा और हाईकोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी के नेतृत्व में वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि शिवपुरी के अधिवक्ता स्व. संजय सक्सेना के परिवार को सरकार से एक करोड़ रूपए का मुआवजा के साथ उनके आश्रित को सरकारी नौकरी बतौर मुआवजा दे। इसके अलावा हत्या के आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू किया जाए।

# 10 करोड़ की राशि स्वीकृत, अब नालियों से नहीं गुजरेगी कोई भी पाइपलाइन

**नवभारत, जबलपुर।** शहर विकास को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने सोमवार को जल, स्वास्थ्य एवं लोककर्म विभाग के अधिकारियों के साथ 3 घंटे की मैराथन बैठक की। जिसमें सड़कों के कायाकल्प, जलसंकट और जलप्लावन से मुक्ति के लिए मास्टर प्लान तैयार कर नगर निगम के संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने नालियों के अंदर



से गुजरने वाली पाइप लाइन को शिफ्ट करने के लिए अलग से 10 करोड़ की विशेष राशि की स्वीकृति प्रदान की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी कोई पाइप लाइन नालियों से न गुजरे इस बात का विशेष ध्यान रखें। बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि 28 फरवरी तक सभी विकास कार्यों के लिए टैंडर जारी किए जाएंगे।मतलब साफ है कि 28 फरवरी तक पार्षद, अध्यक्ष और महापौर मद के सभी कार्यों के टैंडर अनिवार्य रूप से जारी कर दिए जाएंगे जिससे निर्माण कार्यों में कोई देरी न हो।

### 1 मार्च से नई व्यवस्था के साथ होगी सफाई

वहीं 1 मार्च से नई व्यवस्था और अतिरिक्त संसाधनों के साथ शहर में सफाई होगी, जिसमें अमूलचूल परिवर्तन दिखेगा।बैठक में एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी के साथ उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं सभी कार्यपालन यंत्री, विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# जबलपुर होकर चलेगी पुणे दानापुर स्पेशल

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01481/82 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01481 पुणे से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 23 एवं 27 फरवरी एवं होली के अवसर पर 02 एवं 06 मार्च को पुणे स्टेशन से रात 19:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी सुबह 11:15 बजे, जबलपुर दोपहर 15:30 बजे, कटनी 16:50 बजे, सतना सायं 18:50 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए तीसरे दिन सुबह 08:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01482 दानापुर से पुणे स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 25 फरवरी एवं 01 मार्च एवं होली के अवसर पर 04 एवं 08 मार्च को दानापुर स्टेशन से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर रात में सतना 21:00 बजे, कटनी 22:35 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 00:20 बजे, इटारसी 04:05 बजे और सायं 18:15 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी।

# यात्रियों व आमजनों को मिलेगा विश्वस्तरीय सुविधा का अनुभव

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल में जनता के उपयोग हेतु प्राइवेट पार्टी द्वारा विकसित किए गए पहले पब्लिक मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। यह पहल न केवल मंडल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि देशभर के अन्य रेलवे डिवीजनों के लिए एक मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में भी कार्य करेगी। सोमवार 16 फरवरी को जबलपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्स का गुणवत्ता मुआयना एवं निरीक्षण किया



गया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध सुविधाओं, संरचना, यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, सेवाओं की कार्यप्रणाली एवं समग्र प्रबंधन व्यवस्था का विस्तार से अवलोकन किया गया तथा इसे निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया। जिससे अब यह यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगा। यह मल्टीफंक्शनल सेंटर यात्रियों एवं आम जनता की सुविधा, आराम और गुणवत्ता सेवा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जहाँ एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

### एमएफसी में उपलब्ध सुविधाएँ

- प्रीमियम लॉन्ज सुविधाएँ
- सुपर लक्सरी रूम
- मिनी रूम
- डॉरमेटरी आवास
- स्नान एवं फ्रेश-अप सुविधाएँ
- डोमिनोज़, कैफे कॉफी डे जैसे ब्रांडेड आउटलेट्स के साथ फूड कोर्ट
- बैंक एटीएम सेवाएँ
- सामान एवं क्लॉक रूम सुविधाएँ
- रेस्टोरेंट सेवाएँ

# दुकान संचालक के सीने-पेट में किए चाकू से ताबड़तोड़ वार, हालत नाजुक

**पुरानी रंजिश पर वारदात, प्रकरण दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** खितौला अंतर्गत रेलवे फाटक के पास दुकान संचालक पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला कर दिया गया। बदमाशों ने मिलकर युवक पर सीने-पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 15 निवासी रमाकांत पटेल (23) की रेलवे फाटक के पास मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान है, सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी दुकान के पीछे बबूल के पेड़ के पास गया इसी दौरान प्रिंस यादव और कृष्णा गोटिया वहां पहुंचे और पिछले दिन हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे।

### कृष्णा ने प्रिंस को उकसा कर थमाया चाकू

विवाद बढ़ने पर कृष्णा गोटिया ने प्रिंस यादव को चाकू थमाते हुए हमला करने के लिए उकसाया। प्रिंस ने रमाकांत को जान से मारने की नियत से सीने और पेट के ऊपरी हिस्से पर चाकू से वार कर दिया। हमले के दौरान रमाकांत के चिल्लाने की आवाज सुनकर दुकान पर मौजूद लखन पटेल और सोनू पटेल उसे बचाने दौड़े।

### जान बचाकर भागा तो पीछे दौड़े

रमाकांत अपनी जान बचाकर ब्रिज की ओर भागा। इस दौरान आरोपियों ने उसका पीछा किया और दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के मारे पीड़ित काफी समय तक घर में छिपा रहा, जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। खितौला पुलिस ने आरोपी प्रिंस यादव और कृष्णा गोटिया के प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

**रसूख** चार्ज लेने के बावजूद नहीं छोड़ी कुर्सी

# भोपाल ट्रांसफर के बाद भी चैम्बर में बैठ रहे मनोज सिंह

**नवभारत, जबलपुर।** जिला पंचायत जबलपुर में पदस्थ अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज कुमार सिंह को अंततः शासन के सख्त हस्तक्षेप के बाद भारमुक्त कर दिया गया, लेकिन रिलीव होने से पहले तक वे भोपाल में चार्ज लेने के बावजूद जबलपुर के अपने चैम्बर में बैठते रहे। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को भी वे जिला पंचायत जबलपुर पहुंचे और चैम्बर में बैठे दिखाई दिए, जहां उनके चहेतों का आना जाना लगा रहा। भोपाल में पदस्थापना और चार्ज लेने के बावजूद जबलपुर में उनकी मौजूदगी ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े



किए हैं। फिलहाल उन्हें रिलीव कर दिया गया है, लेकिन यह मामला लंबे समय तक चर्चा में रहने की संभावना है।

### सोमवार को भी पहुंचे दफ्तर

सूत्रों के अनुसार रिलीव प्रक्रिया के बीच सोमवार को भी मनोज सिंह जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और अपने चैम्बर में बैठे रहे। इससे यह सवाल और गहरा गया कि जब वे भोपाल में पदस्थ हो चुके थे तो जबलपुर में उनकी उपस्थिति क्यों बनी रही।

### भ्रष्टाचार के आरोप भी चर्चा में

सूत्रों के मुताबिक मनोज सिंह पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और मनमानी के आरोप भी लगे थे। प्रभारी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायतें भेजी गई थीं। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) में भी शिकायत दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

### दो बार तबादला, फिर भी नहीं छोड़ा जिला

जानकारी के अनुसार मनोज सिंह का पहला तबादला 5 अगस्त 2021 को टीकमगढ़ जिले के लिए हुआ था, लेकिन उन्होंने वहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसके बाद 6 जून 2025 को शासन ने उन्हें विकास आयुक्त कार्यालय, भोपाल स्थानांतरित किया। 18 जून को उन्होंने भोपाल में पदस्थापना भी ग्रहण कर ली थी, बावजूद इसके वे चार माह से अधिक समय तक जबलपुर में ही सक्रिय रहे।




### आज होने वाली जनसुनवाई 19 को होगी

**नवभारत, जबलपुर।** प्रत्येक मंगलवार को जिले में होने वाली जनसुनवाई अब 19 फरवरी को आयोजित होगी। जनसुनवाई शाखा के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को सभी अनुभाग एवं तहसीलों पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है, लेकिन जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार 17 फरवरी को होने के कारण अनुभाग एवं तहसीलों में होने वाली जनसुनवाई मंगलवार के स्थान पर गुरुवार 19 फरवरी को नियत समय पर आयोजित की जाएगी।

# गैंगस्टर फरार, गुर्गा चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

**एसपी बंगले के पास चलाई थी गोलियां**

**नवभारत, जबलपुर।** सिविल लाइन स्थित रोटरी क्लब के पास पुलिस अधीक्षक बंगले के पास 12 फरवरी को शादी समारोह के दौरान गोलियां चलाने वाला गैंगस्टर पुलिस गिरफ्त से दूर है जबकि उसके एक गुर्गे को क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया है। इसके साथ ही फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश चल रही है।

जानकारी के मुताबिक शिवनगर मदनमहल निवासी प्रॉपर्टी डीलर दुर्गेश पांडे (30) अपने साथियों हर्ष यादव और श्रीकांत राय के साथ 12 फरवरी को दोस्त गोलू सोंधिया की शादी में शामिल होने रोटरी क्लब पहुंचा था



समीप ही पुलिस अधीक्षक का बंगला था। रात करीब 11:30 बजे जब वे खाना खाकर बाहर निकल रहे था तो गेट के पास दो एक्सिस गाड़ियों पर मुक्कू पटेल, देवू पटेल, लकी पटेल और गुल्ली उर्फ अभिषेक गोस्वामी पहुंचे थे और पुरानी रंजिश के चलते लकी और अभिषेक ने जान से मारने की नियत से पिस्तौल से अंधाधुंध फायरिंग चलाई थी। जिसमें प्रॉपर्टी डीलर दुर्गेश समेत उसके साथी श्रीकांत को चोटें आ गई थी। दुर्गेश पांडे की शिकायत पर आरोपी मुक्कू पटेल, देवू पटेल, लकी पटेल, अभिषेक गोस्वामी और अन्य दो साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक लकी पटेल कुख्यात बदमाश है और '13302' नाम से एक गैंग चलाता है। लकी लार्डगंज का रहने वाला है जिसके खिलाफ आठ से अधिक अपराध दर्ज हत्या के प्रयास, अवैध वसूली समेत अन्य प्रकरण पूर्व से दर्ज है जो पुलिस गिरफ्त से दूर है हालांकि क्राइम ब्रांच ने मुक्कू पटेल को दबोच लिया है। पुलिस अब लकी, देवू, अभिषेक की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।